पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
POWER FINANCE CORPORATION LTD.
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Govt. of India Undertaking)
(आई.एस.ओ. 9001:2015 प्रमाणित) (ISO 9001:2015 Certified)

प्रेस विज्ञप्ति

28 अक्तूबर 2021

राजीव रंजन झा ने पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन में निदेशक (परियोजना) के रूप में पदभार ग्रहण किया

नई दिल्ली, 28 अक्तूबर 2021: पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड, एक महारत्न सीपीएसई कंपनी और भारत की अग्रणी विद्युत क्षेत्र आधारित गैर-बैंकिंग वित्तीय फर्म ने आज श्री राजीव रंजन झा को निदेशक (परियोजना) के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की।

इस प्रतिष्ठित पद पर पदोन्नत होने से पूर्व, श्री झा पीएफसी में कार्यपालक निदेशक (परियोजना) के रूप में कार्यरत थे। अपनी नई भूमिका में, ये नए व्यावसायिक अवसरों में उद्यम करने के लिए अनुकूल कार्यनीतियों को विकसित करने और लागू करने के लिए जबावदेह होंगे तथा कंपनी द्वारा वित्तपोषित वर्तमान परियोजनाओं का भी कार्य-निर्वहन करेंगे।

इन्होंने इससे पूर्व, प्रमुख वित्तीय संस्था के रूप में पीएफसी के साथ कंसोर्शियम ऋण के अंतर्गत निजी क्षेत्र परियोजनाओं के संपूर्ण ऋण पोर्टफोलियो का कार्य निर्वहन किया है। इन्होंने नवीकरणीय ऊर्जा ऋण पोर्टफोलियो का भी कार्य निर्वहन किया है तथा इन्होंने परियोजना आकलन (विशेषकर स्वतंत्र निजी विद्युत परियोजनाओं के लिए) के क्षेत्र अहम भूमिका निभाई है। ये यूएमपीपी(यों) के विकास और अवॉर्ड कार्यों से भी संबद्ध थे, जिसके लिए पीएफसी नोडल एजेंसी है। श्री झा ने लगभग 10,000 करोड़ रुपए के ऋण मूल्य वाली कई बड़े पैमाने की दबावग्रस्त परिसंपत्तियों का समाधान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

पीएफसी में पदभार ग्रहण करने से पूर्व, इन्होंने विशाखापत्तनम स्टील प्लांट (राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड) के साथ आठ वर्ष से अधिक समय तक कार्य किया था और वहां इन्होंने कोयला आधारित कैप्टिव पावर प्लांट के संचालन और रखरखाव संबंधी कार्य निर्वहन किया। श्री झा ने रांची विश्वविद्यालय के एनआईटी जमशेदपुर से विज्ञान (मैकेनिकल इंजीनियरिंग) में स्नातक की डिग्री और इग्नू से प्रबंधन में डिप्लोमा किया है।

ह/-

(एस. एस. राव)
मुख्य महाप्रबंधक (पीआर)